प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 08.12.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 7 हजार 7 सौ 21 करोड़ 25 लाख रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट किया पेश।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज होगी कैबिनेट की अहम बैठक, पेसा एक्ट से जुड़ी नियमावली सहित एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों पर की जाएगी चर्चा।**
3. **वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर संसद में होने वाली विशेष चर्चा से पहले केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों ने राष्ट्रीय गीत की एकता और स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका को किया रेखांकित।**
4. **राज्य के कई जिले शीतलहर की चपेट में, मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत 11 जिलों के लिए येलो अलर्ट किया जारी।**
5. **जमशेदपुर में सांसद खेल महोत्सव 2025 की बैडमिंटन प्रतियोगिता हुई संपन्न , सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है भारत को खेल जगत में शीर्ष पर पहुँचाना।**

****

झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 7 हज़ार 700 सौ इक्कीस करोड़ पच्चीस लाख रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया। इससे पहले झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन छात्रवृत्ति भुगतान को लेकर विपक्ष की नारेबाजी से कार्यवाही शुरू होते ही बाधित हो गई और सदस्य वेल में पहुंचकर हंगामा करने लगे। लगातार हंगामे के बीच अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने नाराजगी जताते हुए कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी, जबकि संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने विपक्ष से मुद्दे सदन में उठाने की अपील की। शून्यकाल में भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने छात्रवृत्ति में देरी और किसानों को धान बिचौलियों को कम दाम पर बेचने की मजबूरी का मुद्दा उठाते हुए तत्काल चर्चा की मांग की। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज कैबिनेट बैठक आयोजित होगी। इस बैठक में जनजातीय समुदाय के लिए सोहराय पर्व पर दो दिनों के अवकाश को मंजूरी मिल सकती है। इसके साथ पेसा एक्ट से जुड़ी नियमावली भी प्रस्तुत की जाएगी, जिसे झारखंड पंचायती राज अधिनियम 2001 के तहत लागू करने की तैयारी है। कैबिनेट में इन प्रमुख प्रस्तावों के अलावा एक दर्जन से अधिक अन्य विषयों पर भी चर्चा होने की संभावना है।

****

संसद में राष्ट्रीय गीत, वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर विशेष चर्चा से पहले, केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि वंदे मातरम ने स्वतंत्रता संग्राम को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

साउण्ड बाईट – गजेन्द्र सिंह भोखावत ऑन वंदे मातरम – 19 सेकेंड

राज्यसभा के बाहर संवाददाता से बातचीत में सांसद सुधा मूर्ति ने कहा कि वंदे मातरम देश के विभिन्न राज्यों को जोड़ने वाला गीत है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि युवा पीढ़ी के लिए वंदे मातरम के महत्व और इसकी भावना को समझना महत्वपूर्ण है।

साउण्ड बाईट – चिराग पासवान ऑन वंदे मातरम – 27 सेकेंड

आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में भाजपा सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि आज संसद में वंदे मातरम पर चर्चा उन क्रांतिकारी क्षेत्रों और उन क्रांतिकारियों का स्मरण कराएगी, जिन्हें कांग्रेस की सरकार ने लगभग उपेक्षित कर दिया था।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत के लिए विरासत कभी भी पुरातन के प्रति मोह नहीं बल्कि यह ज्ञान और समुदाय की निरंतर धारा का प्रतीक रही है। श्री मोदी ने यह बात नई दिल्ली में अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए यूनेस्को की अंतरसरकारी समिति के 20वें सत्र के उद्घाटन समारोह में अपने संदेश में कही। एक रिपोर्ट–

****

पलामू जिले में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत किशोरियों को शिक्षा से जोड़ने में बेहतर परिणाम देखने को मिले हैं।

****

घरेलू शेयर बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी में आज सुबह लगभग शून्य दशमलव चार प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। ताजा जानकारी मिलने तक सेंसेक्स तीन सौ अंठावन अंक गिरकर 85 हजार तीन सौ 55 पर और निफ्टी 130 अंक गिरकर दो हजार छह सौ 57 पर आ गया।

****

रांची सर्राफा बाजार में आज 22 कैरट सोने का भाव एक लाख 20 हजार पांच सौ रूपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी एक लाख 87 हजार रूपये प्रतिकिलो है।

****

राज्य के कई ज़िले शीतलहर की चपेट में है और अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत गढ़वा, पलामू , चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, रामगढ़, बोकारो और खूंटी सहित 11 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार तापमान में गिरावट उत्तर–पश्चिमी हवाओं के निचले क्षोभ मंडलीय स्तर पर सक्रिय रहने से हो रही है। पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा और अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 2–3 डिग्री की वृद्धि हो सकती है।

****

जमशेदपुर के मोहन आहूजा इनडोर स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल महोत्सव 2025 की बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन कल हुआ, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह में सांसद विद्युत महतो ने प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए विजेताओं को बधाई दी और सभी खिलाड़ियों को अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य भारत को खेल जगत में शीर्ष पर पहुँचाना है और सांसद खेल महोत्सव युवाओं को आगे बढ़ने का सशक्त मंच प्रदान करता है।

**********समाप्त****************